झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **02.02.2020**

विज्ञप्ति संख्या -129 /2020

- अपना दुःख दर्द लेकर उमड़े लोग--मुख्यमंत्री सबसे मिलते रहे
- यह आपकी सरकार है। आपके दुख दर्द को दूर करना सरकार की विशेष प्राथमिकता ----मुख्यमंत्री
- दुमका स्थित मुख्यमंत्री के आवास में सैकड़ों फरियादियों ने मुख्यमंत्री के पास रखी अपनी समस्याएं--मुख्यमंत्री ने कार्रवाई का दिया भरोसा

दुमका

यह आपकी सरकार है ।आपके ही सहयोग से सरकार अपने इरादों को हकीकत में बदल सकती है ।ऐसे में आपके दुख दर्द समझना और उसे दूर करना हमारी विशेष प्राथमिकता है ।मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज दुमका स्थित अपने आवास में सैकड़ों की संख्या में आए लोगो की समस्याओं से रूबरू हुए और उन्हें उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया ।

दुमका के जिला विकलांग पुनर्वास केंद्र के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर पिछले 10 सालों से हम बिना किसी सहायता राशि के ही काम करने सम्बन्धी अपनी समस्या बताई ।मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याओं पर आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया ।

2016 में 269 बर्खास्त चतुर्थवर्गीय पुलिसकर्मियों ने फिर से बहाल करने की रखी मांग। मुख्यमंत्री ने इसपर संज्ञान लेने की बात कही।

राज्य में करीब 1200 चौकीदार जिन्हें 5 साल काम करने के बाद हटा दिए जाने की शिकायत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मामले पर पूरी जानकारी लेकर कार्रवाई करेंगे।

सहायक पुलिस में नियुक्त युवाओं ने भत्ता और सुविधाएं बढ़ाने की रखी मांग

जीवित को मृत बताकर लगभग 350 बीघा जमीन हड़पने की शिकायत

दुमका प्रखंड के सोना डोगा गांव के लोगों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर बताया कि सुनीराम मुरमू नाम के एक व्यक्ति ने जीवित को मृत बताकर लगभग 350 बीघा जमीन हड़प ली।इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और फिर उचित कार्रवाई होगी।इसके अलावा भी कई लोगों ने जमीन विवाद को लेकर मुख्यमंत्री को अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

इसके अलावा झारखंड राज्य ग्राम रक्षा दल पंचायत सचिवालय सेवक संघ समेत कई और संगठनों और व्यक्तिगत तौर पर अपनी समस्याओं को लेकर फरियादियों ने मुख्यमंत्री के पास आवेदन सौंपा।मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याओं का उचित निराकरण करने का आश्वासन दिया।

किसी ने पुस्तक भेंट की तो किसी ने गुलदस्ता और गुलाब के फूल दिए

दुमका स्थित मुख्यमंत्री आवास में मुलाकात करने आए कुछ लोगों ने मुख्यमंत्री को भागवत गीता और अन्य पुस्तके भेंट किए।इसके अलावा कई लोगों ने गुलदस्ता और गुलाब के फूल दिए।मुख्यमंत्री ने भी तहे दिल से सभी का शुक्रिया अदा किया।

मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में हुए नारी एक शान कार्यक्रम की विजेता सुकन्या चौधरी और उनके एकेडमी के बच्चों को शुभकामनाएं दी।

###

==================

#Team PRD (CMO)